Bareilly, Thursday,
28 October 2026
BAREILY EDITION
Price ₹ 3.50
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 2 : BOTTOM

'नाद साधना' में मानवी त्यागी ने मारी बाजी



संगीत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे अदम्य को किया सम्मानित.

BAREILLY (28 Oct): एसआरएमएस रिद्धिमा में बुधवार को द्वितीय राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता 'नाद साधना' आयोजित की गई. इसमें 12 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने शास्त्रीय और उपशास्त्रीय संगीत में अपनी प्रतिभा दिखाई. प्रतियोगिता में मानवी त्यागी ने प्रथम, अदम्य ने द्वितीय और शिल्पा पाठक व श्रेया दत्ता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया. विजेताओं को क्रमशः तीन हजार, दो हजार और एक हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए. निर्णायक डॉ. मंजू सिंह और डॉ. जयश्री मिश्रा रहीं. कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, डॉ. रीता शर्मा और डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे. इस अवसर पर 25 अक्टूबर को हुई रेखांकन कला प्रतियोगिता के विजेता अनन्या भारद्वाज, अनिका सिंह, पलक अरोड़ा और अक्षत रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया. फाइन आर्ट्स फैकल्टी सौरभ रस्तोगी ने विद्यार्थियों को रेखांकन की तकनीकें सिखाईं.